## **आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर**

दिनांक : 28.06.2024 समय : 1905

**<><><><><><><>**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आगामी रविवार को सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश में लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे।
- हाथों और औजारों से काम करने वाले कारीगर और शिल्पकारों के सामाजिक आर्थिक उत्थान के लिए प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है।
- अंडमान निकोबार पुलिस ने बड़ी मात्रा में पकड़े गए नशीले पदार्थों को नष्ट किया है।
- आदित्य ने परिचय मेमोरियल बैडमिन्टन चैम्पियनशिप में पुरूषों का एकल खिताब जीत लिया है।
- एम वी स्वराजद्वीप कल पोर्ट ब्लेयर से विशाखापत्तनम जाएगा।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आगामी रविवार को सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश में लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह इस रेडियो कार्यक्रम की एक सौ ग्यारहवीं कड़ी होगी। श्री मोदी के लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद संभालने के बाद मन की बात का यह पहला कार्यक्रम होगा। इसे आकाशवाणी के समूचे नेटवर्क, ए आई आर न्यूज वेबसाइट और न्यूज ऑन ए आई आर मोबाइल ऐप पर प्रसारित किया जायेगा।

<><><><><><><>

हाथों और औजारों से काम करने वाले कारीगर और शिल्पकारों के सामाजिक आर्थिक उत्थान के लिए प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है। आई टी आई डॉलीगंज में दर्जी में प्रशिक्षण देने के लिए सुविधा उपलब्ध कराई गई है। कुल बत्तीस लाभार्थियों का चयन किया गया है, जिन्हें प्रशिक्षण के माध्यम से उनका कौशल विकास किया जाएगा। प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना का लाभ उठाने वाले द्वीपों के सभी पारंपरिक कारीगर और शिल्पकारों से सामान्य सेवा केन्द्रों के माध्यम से अपने आप को पंजीकृत कराने को कहा गया है।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार पुलिस ने बड़ी मात्रा में पकड़े गए नशीले पदार्थों को नष्ट किया है। नष्ट किए गए इन पदार्थों की कीमत कई करोड़ रूपये आंकी गई है। हाल ही में उच्चतम न्यायालय के निर्देश पर सी आई डी इकाई की ओर से जी बी पंत अस्पताल परिसर में ज़ब्त किए गए इन नशीले पदार्थों को नष्ट किया गया। इनमें कई किलो नशीली दवा के साथ उनहत्तर किलो से अधिक गांजा, एक किलो से अधिक कोकीन, चरस और कुछ नशीली दवाईयों को नष्ट किया गया। इससे पहले इस वर्ष अप्रैल में भी इसी तरह की कार्रवाई को अंजाम दिया गया, जिसमें एन डी पी एस से जुड़े मामलों में ज़ब्त किए गए नशीले पदार्थों को नष्ट किया गया। नशाखोरी और अवैध कारोबार के विरूद्ध अंतर्राष्ट्रीय दिवस मनाए जाने के सिलसिले में अंडमान निकोबार पुलिस की ओर से शैक्षणिक संस्थानों और सरकारी कार्यालयों में जागरूकता अभियान भी चलाया गया। पुलिस ने नशीले पदार्थों के कारोबार से जुड़े लोगों के बारे में फोन पर सूचना देने का अनुरोध किया है, ताकि द्वीपसमूह को नशामुक्त बनाया जा सके।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी–एनटीए में सुधारों की सिफारिश के लिए शिक्षा मंत्रालय की ओर से गठित विशेषज्ञों की उच्च स्तरीय समिति ने छात्रों और अभिभावकों से सुधार और पुनर्गठन पर सुझाव मांगे हैं। समिति का नेतृत्व इसरो के पूर्व अध्यक्ष डॉ. के राधाकृष्णन कर रहे हैं। समिति mygov वेबसाइट के माध्यम से सात जुलाई तक सुझाव और प्रतिक्रियाएं स्वीकार करेगी। समिति को दो महीने के भीतर शिक्षा मंत्रालय को अपनी रिपोर्ट सौंपने के लिए कहा गया है, जिसमें परीक्षा प्रक्रिया और डेटा सुरक्षा प्रणाली में सुधार तथा एनटीए की संरचना और कार्यशैली पर सिफारिशें की जाएंगी।

<><><><><><><>

प्रदेश कांग्रेस पार्टी के प्रचार समिति के अध्यक्ष टी एस जी भास्कर ने मुख्य सचिव का ध्यान डिगलीपुर और कालीघाट क्षेत्र के पशु चिकित्सालयों में डॉक्टरों और कम्पाउंडरों की कमी की ओर आकर्षित किया है। अपने पत्र में श्री भास्कर ने कहा कि नवीन नगर में सिर्फ एक ही डॉक्टर उपलब्ध है और इससे घरेलू पशुओं के देखभाल में असर पड़ता है। कम्पाउंडरों की कमी से भी अस्पताल के कामकाज पर असर पड़ा है। क्षेत्र के अधिकांश लोग मुर्गी, दुग्ध, बकरी और सुअर पालन जैसी गतिविधियों से जुड़े हैं। ऐसे में निवासियों को अपने पशुधन का इलाज कराने में कठिनाईयां पेश आ रही है। श्री भास्कर ने अधिक संख्या मे डॉक्टर और कम्पाउंडर नियुक्त करने का अनुरोध किया है।

<><><><><><><>

आदित्य ने परिचय मेमोरियल बैडमिन्टन चैम्पियनशिप में पुरूषों का एकल खिताब जीत लिया है। फाइनल में इसने ऐरिक जेम्स को पराजित किया। पुरूषों के युगल फाइनल में सी एच राहुल और के. कृषण राम की जोड़ी को विजेता घोषित किया गया। मिश्रित युगल में सी एच राहुल और जी. पूजा की जोड़ी विजयी रही। लड़कों के उन्नीस वर्ष आयु वर्ग में एरिक जेम्स, जबकि लड़कियों के वर्ग में वाई लक्ष्या को विजेता घोषित किया गया। लड़कों के सत्रह वर्ष आयु वर्ग में एरिक जेम्स, पन्द्रह वर्ष की श्रेणी में हर्षित एन्थोनी और लड़कियों के वर्ग में जी. लक्ष्मिता को खिताब मिला। लड़कों के तेरह वर्ष आयु वर्ग में हर्षित एन्थोनी और लड़कियों के वर्ग में जी. लक्ष्मिता, जबकि लड़कों के ग्यारह वर्ष की श्रेणी में अध्यांश मनोज और लड़कियों के वर्ग में दीक्षा गोवित विजयी रही। पुरस्कारों का वितरण ज़िला परिषद सदस्य प्रकाश अधिकारी ने किया।

<><><><><><>

अंडमान निकोबार प्रशासन के विभिन्न विभागों में नवनियुक्त निम्न श्रेणी लिपिकों के लिए हिन्दी कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। राजभाषा सचिव डॉ. अनिल अग्रवाल ने इसका उद्घाटन किया। अपने संबोधन में उन्होंने प्रतिभागियों से शासकीय कार्यों को हिन्दी में करने का अनुरोध करते हुए कहा कि द्वीपसमूह में कई भाषा बोलने वाले लोग रहते हैं, लेकिन हिन्दी हम सब के बीच संपर्क भाषा के रूप में विद्यमान है। स्कूल स्तर पर भी हिन्दी पढ़ाई जाती है और सरकारी कर्मचारी बनने के बाद हिन्दी में काम करना और आसान हो जाता है। उन्होंने कहा कि अब कई सॉफ्टवेयर भी उपलब्ध है। इससे हिन्दी में काम करना आसान हुआ है। राजभाषा के उप–सचिव राजेन्द्र इंदीवार ने उपस्थिति का स्वागत करते हुए कार्यशाला के आयोजन के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि प्रशासन अपने कर्मचारियों के लिए चरणबद्ध तरीके से कार्यशाला आयोजित करने की रूपरेखा तैयार की है, ताकि राजभाषा को बढ़ावा मिल सके।

<><><><><><>

गर्मी की छुट्टी के बाद पहली जुलाई से द्वीपों में स्कूल पुनः खुलेंगे। इस सिलसिले में चिन्मय मिशन पोर्ट ब्लेयर में कल सुबह साढ़े आठ बजे विद्यार्थियों के लिए विशेष गणपति पूजा का आयोजन किया गया है। मिशन ने सभी विद्यार्थियों और अभिभावकों को इसमें आमंत्रित किया है।

<><><><><><>

एम वी स्वराजद्वीप कल पोर्ट ब्लेयर से विशाखापत्तनम जाएगा। यात्रियों की स्वास्थ्य परीक्षा कल सुबह आठ बजे आरंभ होगी। जहाज़ कल सुबह दस बजे हैडो जेट्टी से छूटेगा।

<><><><><><><>

अण्डमान निकोबार द्वीपसमूह में सांस्कृतिक संगठनों को वित्तीय सहयोग प्रदान किया जाएगा। कला और संस्कृति विभाग की ओर से इस संबंध में आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। अण्डमान निकोबार द्वीपसमूह में पंजीकृत प्रत्येक सांस्कृतिक संगठनों को पच्चीस हजार रूपए की दर से यह सहायता दी जाएगी। कला और संस्कृति राष्ट्रीय एकता और सामुदायिक सदभाव को बढ़ावा देने के लिए पिछले एक वर्ष से काम करने वाले सांस्कृतिक संगठन निर्धारित प्रपत्र में पूर्ण दस्तावेजों के साथ अपना आवेदन पांच अगस्त तक सेल्युलर जेल परिसर स्थित कला और संस्कृति निदेशालय में जमा कर सकते हैं। प्रशासन की वेबसाइट से निर्धारित प्रपत्र डाउनलोड किया जा सकता है।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह के कई भागों में वर्षा हुई। हटबे में आज सुबह साढ़े आठ बजे तक सैंतीस मिलीमीटर, कार निकोबार में उनतीस, वायु सेना केन्द्र कार निकोबार में ग्यारह, ननकौड़ी में नौ दशमलव एक, पोर्ट ब्लेयर में चार दशमलव एक, मायाबंदर में चार और लांग आईलैंड में दो दशमलव तीन मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई। मौसम संबंधी कोई विशेष चेतावनी नहीं है।

<><><><><><><>